रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 31] नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, जनवरी 15, 2015/पौष 25, 1936
No. 31] NEW DELHI, THURSDAY, JANUARY 15, 2015/PAUSHA 25, 1936

IndiaCode

वित्त मंत्रालय

(आर्थिक कार्य विभाग)

अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 जनवरी, 2015

सा.का.नि. 33(अ).—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात् :-

1. संक्षिप्त नाम और प्रारंभ.- (1) इन नियमों को **"रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती"** के उपलक्ष्य में एक सौ रुपए और पांच रुपए के सिक्कों का निर्माण नियम, 2015 कहा जाए।

(2) ये राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. सिक्कों का अंकित मूल्य. — "रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती" के उपलक्ष्य में केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन, जारी करने के लिए टकसाल में निम्नलिखित अंकित मूल्य के सिक्कों का निर्माण भी किया जाएगा, अर्थात्:-

(i) एक सौ रुपए;

(ii) पांच रुपए।

3. सिक्कों की विमा और संघटन—नियम 2 में उल्लिखित अंकित मूल्य के सिक्के निम्नलिखित विमाओं और संघटन के अनुरूप होंगे, अर्थात्:-

सिक्के का अंकित मूल्य	आकृति और बाह्य व्यास	दांते की संख्या	धातु संघटन
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपए	वृत्ताकार 44 मिलीमीटर	200	**चतुष्क मिश्रधातु** रजत- 50 प्रतिशत तांबा- 40 प्रतिशत निकल- 05 प्रतिशत जस्ता- 05 प्रतिशत
पांच रुपए	वृत्ताकार 23 मिलीमीटर	100	**निकल पीतल** तांबा- 75 प्रतिशत जस्ता- 20 प्रतिशत निकल- 05 प्रतिशत

4. डिजाइनः- सिक्कों का डिजाइन निम्नानुसार होगाः-

(i) एक सौ रुपये

अग्रभागः

सिक्के के अग्रभाग पर मध्य में अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** इबारत लिखी होगी, उसकी बायीं ऊपरी परिधि पर देवनागरी में **"भारत"** शब्द और दायीं ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा, और सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा।

पृष्ठभागः

सिक्के के इस भाग के मध्य में **"रानी गाइदिन्ल्यू"** की आकृति होगी जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती"** लेख और निचली परिधि में अंग्रेजी में "**BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU"** और आकृति के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष **"1915-2015"** उत्कीर्ण किया जाएगा।

(ii) पांच रुपये

अग्रभागः

सिक्के के अग्रभाग पर मध्य में अशोक स्तंभ का सिंह शीर्ष होगा जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** इबारत लिखी होगी, उसकी बायीं ऊपरी परिधि पर देवनागरी में **"भारत"** शब्द और दायीं ऊपरी परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा, और सिंह शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"5"** भी होगा।

पृष्ठभागः

सिक्के के इस भाग के मध्य में **"रानी गाइदिन्ल्यू"** की आकृति होगी जिसके साथ ऊपरी परिधि पर देवनागरी लिपि में **"रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती"** लेख और निचली परिधि में अंग्रेजी में "**BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU"** और आकृति के नीचे अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष **"1915-2015"** उत्कीर्ण किया जाएगा।

IndiaCode

(5) मानक भार और अनुमत छूटः- "रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती" के उपलक्ष्य में निर्मित, निम्नलिखित अंकित मूल्यों के सिक्कों का मानक भार और ऐसे सिक्कों के निर्माण में अनुमत छूट नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रूप में होगीः-

सारणी

सिक्के का अंकित मूल्य	मानक भार	अनुमत छूट	
		संघटन में	मानक भार में
(1)	(2)	(3)	(4)
एक सौ रुपए	35 ग्राम	रजत के लिए 1/500 जमा या घटा अर्थात् रजत का अंश प्रति 1000 498 से 502 के बीच हो सकेगा।	1/100 जमा या घटा अर्थात् भार 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है।
पांच रुपए	6 ग्राम	तांबा और जस्ता के लिए 1/100 तक कम या ज्यादा अर्थात् तांबा में 74 प्रतिशत से 76 प्रतिशत तक और जस्ता में 19 प्रतिशत से 21 प्रतिशत का अंतर हो सकेगा और निकल में 1/200 तक कम या ज्यादा अर्थात् 4.5 प्रतिशत से 5.5 प्रतिशत तक का अंतर हो सकेगा।	1/40 तक कम या ज्यादा अर्थात् भार में 5.85 ग्राम से 6.15 ग्राम तक का अंतर हो सकता है।

[फा. सं. 02/21/2014-सिक्का]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एसपीएमसी और सिक्का)

IndiaCode

MINISTRY OF FINANCE

(Department of Economics Affairs)

NOTIFICATION

New Delhi, the 15th January, 2015

G.S.R. 33(E).—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. Short title and commencement.—(1) These rules may be called the Coinage of One Hundred Rupees and Five Rupees Coins to commemorate the occasion of **BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU** Rules, 2015.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. Denomination of coins.-The coins of the following denominations shall also be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of "**BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU",** namely:—

(i) One Hundred Rupees;

(ii) Five Rupees.

3. Dimension and composition of coins.- The coins of the denominations mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely: —

Denomination of coin	Shape and outside diameter	Number of serrations	Metal composition
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	Circular 44 millimeters	200	**Quaternary Alloy** Silver - 50 per cent Copper - 40 per cent Nickel - 05 per cent Zinc - 05 per cent
Five Rupees	Circular 23 millimeters	100	**Nickel Brass** Copper -75 per cent Zinc - 20 per cent Nickel - 05 per cent

IndiaCode

4. Design.- The design of the coins shall be as under:—

(i) **ONE HUNDRED RUPEES**

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word **"INDIA"** in English, and it shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value "**100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of the coin shall bear the portrait of **"RANI GAIDINLIU"** in the centre, with inscription **"रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती"** in Devnagri script on upper periphery and on the lower periphery shall bear the inscription **"BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU"** in English, and the year's figure **"1915-2015"** shall be written below the portrait in international numerals.

(ii) FIVE RUPEES

OBVERSE:

The face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devnagri script and on the right periphery flanked with the word **"INDIA"** in English, and it shall also bear the Rupee symbol **"₹"** and denominational value **"5"** in the international numerals below the Lion Capitol.

REVERSE:

The face of coin shall bear the portrait of **"RANI GAIDINLIU"** in the centre, with inscription **"रानी गाइदिन्ल्यू की जन्मशती"** in Devnagri script on upper periphery and on the lower periphery shall bear the inscription **"BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU"** in English, and the year's figure **"1915-2015"** shall be written below the portrait in international numerals.

5. Standard weight and remedy allowed.- The standard weight of the coins of the following denominations, coined to commemorate the occasion of **"BIRTH CENTENARY OF RANI GAIDINLIU"** and the remedy allowed in making of such coins shall be as specified in the Table below:—

TABLE

Denomination of coin	Standard weight	Remedy allowed	
		In composition	In standard weight
(1)	(2)	(3)	(4)
One Hundred Rupees	35 Grams	1/500th plus or minus for Silver, that is to say the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000.	1/100th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 34.65 grams to 35.35 grams.
Five Rupees	6 Grams	1/100th plus or minus for Copper and Zinc, that is to say Copper could vary from 74 per cent to 76 per cent. and Zinc from 19 per cent to 21 per cent and 1/200th plus or minus for Nickel that is to say Nickel could vary from 4.5 per cent to 5.5 per cent.	1/40th plus or minus, that is to say, the weight could vary from 5.85 grams to 6.15 grams.

[F. No. 02/21/2014-Coin]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC & Coin)

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.